# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जून-जुलाई, 2014 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

### गुरुवार, दिनांक 10 जुलाई, 2014 (आषाढ़ 19, 1936)

### समय 10.30 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री जयंत मलैया, वाणिज्यिक कर मंत्री, मध्यप्रदेश वेट अधिनियम, 2002 (क्रमांक 20 सन् 2002) की धारा 71 की उपधारा (5) की अपेक्षानुसार वाणिज्यिक कर विभाग की निम्नलिखित अधिसूचनाएं :-

(क) क्रमांक एफ ए-3-28-2013-1-पांच (08), दिनांक 1 मार्च, 2014,

(ख) क्रमांक एफ ए-3-11-2014-1-पांच (17), दिनांक 26 अप्रैल, 2014; तथा

(ग) क्रमांक एफ ए-3-35-2014-1-पांच (27), दिनांक 28 जून, 2014

पटल पर रखेंगे.

(2) श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम अधिनियम, 1980 (क्रमांक 18 सन् 1980) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वित्तीय वर्ष 2013-2014 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री राजेन्द्र श्यामलाल दादू, देवेन्द्र वर्मा, कुंवर सिंह टेकाम, सदस्य, बुरहानपुर जिले के नेपानगर क्षेत्र में वन कर्मियों द्वारा आदिवासियों को प्रताड़ित किये जाने की ओर वन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सचिन यादव, डॉ. गोविन्द सिंह, श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, जबलपुर मेडिकल कालेज के डीन की संदिग्ध मौत होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री गोपीलाल जाटव, सभापति, गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे --

"सदन गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के द्वितीय प्रतिवेदन से सहमत है."

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के -

(क) ग्राम हिरनी खेड़ा की हरिजन बस्ती में नाली निर्माण किये जाने,

(ख) तहसील बडौदा नगर के वार्ड नं. 15 में आवास बनाये जाने,

(ग) ग्राम ललितपुरा से कुंहाजापुर तक कृषि भूमि के चारों तरफ नाला निर्माण किये जाने,

(घ) ग्राम तुलसेफ से किलोरच तक सड़क का डामरीकरण किये जाने; तथा

(ड.) ग्राम जावदेश्वर में मेन रोड से मिडिल स्कूल तक पक्के खम्भों का निर्माण किये जाने,

(2) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिंड जिले के –

(क) सिंध नदी पर क्षतिग्रस्त पुल एवं मार्ग की मरम्मत किये जाने,

(ख) ग्राम दबोह, आलमपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने,

(ग) ग्राम नकारा मार्ग का शीघ्र निर्माण किये जाने,

(घ) राठौरन की मढईयन से जखमोली मार्ग का निर्माण किये जाने,

(ड.) लहार में आई.टी.आई. कॉलेज के भवन एवं बाउंडरीवॉल की मरम्मत किये जाने,

(च) लहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों के रिक्त पदों के पूर्ति किये जाने,

(छ) लहार बायपास क्षतिग्रस्त मार्ग का शीघ्र निर्माण किये जाने,

(ज) लहार तहसील कार्यालय को नवीन भवन में स्थानांतरित किये जाने,

(झ) मौ बेहट क्षतिग्रस्त मार्ग का शीघ्र निर्माण किये जाने,

(ट) बिजौरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदों की स्वीकृति किये जाने; तथा

(ठ) लहार-आमायन, भारौली मार्ग का शीघ्र निर्माण किये जाने,

-2-

(3) श्री गिरीश गौतम, सदस्य, रीवा जिले के -
(क) ग्राम जिलहाड़ी के जूनियर हाई स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(ख) ग्राम मानिकवार विकास खण्ड रायपुर कर्चुलियान में शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने; तथा
(ग) ग्राम सिरसा के जूनियर हाई स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,
(4) श्री हर्ष यादव, सदस्य, सागर जिले के -
(क) महाराजपुर, सहजपुर केसली में डबल सड़क मार्ग किये जाने,
(ख) देवरी, रसेना जमुनिया नदी पर ऊंचा पुल निर्माण किये जाने,
(ग) ग्राम सहजपुर कस्बा में स्टेडियम निर्माण किये जाने; तथा
(घ) देवरी नगर में कन्या छात्रावास खोले जाने,
(5) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के -
(क) ग्राम खैरी से जमाड़ा तक सड़क निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम गांगई के हाईस्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने,
(ग) ग्राम चांदनखेड़ा से प्रेमपुर तक सड़क निर्माण किये जाने,
(घ) ग्राम बसुरिया में हायर सेकेण्ड्री स्कूल खोले जाने,
(ड.) ग्राम कठोतिया के हाई स्कूल को हायर सेकेण्ड्री में उन्नयन किये जाने; तथा
(च) ग्राम निवावर से संदूक तक सड़क निर्माण किये जाने,
(6) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के -
(क) नरयावली विकासखण्ड सागर के अंतर्गत हाई स्कूल के भवन निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम टीलाखेड़ी में नलजल योजना स्वीकृत किये जाने,
(ग) ग्राम टीलाखेड़ी के पटाघाट पर रपटा काजवे बनाये जाने,
(घ) नरयावली विकासखण्ड के10वीं बटालियन से नरवानी, बम्होरी,ढूडर,डुंगासरा मार्ग का निर्माण किये जाने,तथा
(ड.) ग्राम लुहारी में नलजल योजना स्वीकृत किये जाने,
(7) श्री हितेन्द्र सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के –
(क) ग्राम बोदागांव हायर सेकेण्ड्री स्कूल में शिक्षकों के पद की पूर्ति किये जाने, तथा
(ख) ग्राम नलवट में इंदिरा सागर परियोजना की नहर से पाईप लाईन की स्वीकृति किये जाने,
(8) श्रीमती शीला त्यागी, सदस्य, भोपाल स्थित ईश्वर नगर में सीमेन्टेड नाली निर्माण किये जाने,
के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 6. खनिज साधन मंत्री का वक्तव्य

श्री राजेन्द्र शुक्ल, खनिज साधन मंत्री, मध्यप्रदेश स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमिटेड एवं छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड को भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आवंटित केरवा कोल ब्लाक के विकास हेतु संयुक्त उपक्रम कंपनी गठित करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

## 7. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, मध्यप्रदेश नगरपालिक विधि (संशोधन) विधेयक, 2014 (क्रमांक 14 सन् 2014) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) श्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री, मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) संशोधन विधेयक, 2014 (क्रमांक 15 सन् 2014) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

## 8. वर्ष 2014-2015 की अनुदानों की मांगों पर मतदान (क्रमश:)

| निर्धारित समय | | | |
|---|---|---|---|
| 2 घण्टे | (1) | मांग संख्या –21 | आवास एवं पर्यावरण |
| | | मांग संख्या –22 | नगरीय प्रशासन एवं विकास-नगरीय निकाय |
| | | मांग संख्या –75 | नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता |
| | | मांग संख्या –78 | सिंहस्थ, 2016 से संबंधित व्यय. |
| 1 घण्टा 30 मिनट | (2) | मांग संख्या –24 | लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल |
| | | मांग संख्या –67 | लोक निर्माण कार्य- भवन. |
| 2 घण्टे | (3) | मांग संख्या –13 | किसान कल्याण तथा कृषि विकास |
| | | मांग संख्या –54 | कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा. |
| 1 घन्टा | (4) | मांग संख्या –39 | खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण. |

भगवानदेव ईसरानी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 9 जुलाई, 2014